तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026



11 उत्साह और आस्था के साथ हुआ साल का आगाज ...



12 नगर पालिका अध्यक्ष ने की महाकाल की पूजा-अर्चना





# परिवहन के अभाव में खरीदी केंद्रों में धान जाम, बढ़ी समितियों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी इन दिनों चल रही है, लेकिन कई संग्रहण केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। उठाव की गति धीमी होने के चलते खरीदी केंद्रों में धान जाम पड़ा हुआ है। धान खरीदी शुरू हुए लगभग डेढ़ माह हो गए हैं, इससे धान में सूखत आना स्वाभाविक है। बफर लिमिट से अधिक धान की खरीदी होने के बावजूद परिवहन नहीं होने से समिति प्रभारियों की परेशानी एवं चिंता बढ़ गई है।

जिला सहकारी बैंक लवन शाखा लवन अंतर्गत आने वाले कई संग्रहण केंद्रों में धान की मात्रा तय बफर लिमिट से अधिक खरीदी हो चुकी है, लेकिन उठाव व परिवहन नहीं होने के बराबर है। इसके चलते कई संग्रहण केंद्रों में जाम की स्थिति बनी हुई है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मुंडा पंजीयन क्रमांक 192 के अंतर्गत मुंडा के अलावा कोलिहा, सर्वाडीह, चिरपोटा, खम्हारडीह, ढनढनी सहित 06 गांवों से 1140 पंजीकृत किसानों से 50 हजार की धान खरीदी की जानी है। समिति प्रबंधक शेखर साहू कंप्यूटर ऑपरेटर नकुल साहू ने बताया कि 30 दिसंबर तक मोटा धान 76 क्विंटल 80 किलो मोटा धान 25285 क्विंटल 60 किलो, सरना धान सहित 25362 क्विंटल 40 किलो धान 548 किसानों से खरीदी कर चुके हैं।

जिसमें से महज 1680 क्विंटल धान का उठाव हो पाया है। इस तरह 23682 क्विंटल 40 किलो धान जाम पड़ा हुआ है।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अव्यवस्था



### 2660 क्विंटल धान का हुआ उठाव

इसी तरह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सरखोर पंजीयन क्रमांक 1050 में सरखोर के अलावा पंडरिया, बाजारभाठा, मनीपुर एवं सोलहा सहित पांच गांवों से 1392 पंजीकृत किसानों से 74 हजार क्विंटल धान खरीदी किया जाएगा। समिति प्रबंधक गोपीचंद वर्मा ने बताया कि 30 दिसंबर तक 663 किसानों से 29396 क्विंटल की धान खरीदी हो चुका है। जिसमें से मात्र 2660 क्विंटल धान का उठाव हो पाया है। इस समिति में 10 दिसंबर से पहले प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट 01 हजार क्विंटल था। 10 दिसंबर के बाद राज्य सरकार द्वारा 25 प्रतिशत धान खरीदी की लिमिट में बढ़ोतरी किए जाने के बाद इन दिनों 1374 क्विंटल धान की खरीदी प्रतिदिन किया जा रहा है। 31 दिसंबर एवं जनवरी माह में 21 दिन मिलाकर शेष बचे 22 दिनों में 729 किसानों से 44900 क्विंटल की धान खरीदी करना है। किंतु प्रतिदिन लिमिट के 1374 क्विंटल की धान खरीदी हो रही है उस हिसाब से 22 दिनों में 30228 क्विंटल की खरीदी हो पाएगा, ऐसे में 14672 क्विंटल धान खरीदी के लिए लिमिट बढ़ाने की दरकार है। धान का उठाव व परिवहन नहीं होने से धान जाम सी हो गई है।

## खबर संक्षेप

### मां बगदाई मंदिर में मड़ई-मेला आज से

**सिमगा।** ग्राम कचलोन में शिवनाथ नदी के तट पर विराजित मां बगदाई के दर्शनार्थ विशाल मड़ई मेले का आयोजन किया गया है। इसमें 2 जनवरी को दोपहर 12 बजे दीप प्रज्ज्वलित एवं माता सेवा एवं 3 जनवरी को सुबह से रात्रि तक मड़ई मेला का आयोजन जय मां बगदाई सेवा समिति एवं ग्राम कचलोन, अर्जुनी, खैरझिटी, बोरिया, बहिंगा, तेंदुभाठा द्वारा किया गया है।

### नयापारा भलेसर में मड़ई मेला आज

**महासमुंद।** ग्राम नयापारा भलेसर में शनिवार 3 जनवरी को छेरछेरा पुन्नी पर्व पर मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी मामाभांचा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष अजय साहू, उपाध्यक्ष सूदन साहू, जितेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष गजेंद्र साहू समेत समिति के सदस्यगण जुटे हुए हैं।

### पेंशनरों ने सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ एवं मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के संयुक्त आह्वान पर जिला महासमुंद में पेंशनरों ने जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम 14 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। इस अवसर पर पेंशनरों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

### डो-नेपाल टेस्ट सीरीज के लिए लक्ष्मी का चयन

**महासमुंद।** बॉल बैडमिंटन महासंघ एशिया के तत्वावधान में आयोजित इंडो-नेपाल टेस्ट सीरीज (पुरुष एवं महिला) का आयोजन 1 से 5 जनवरी तक बीरगंज, काठमांडू एवं बीराट नगर (नेपाल) में किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब प्रदेश के तीन खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ। पुरुष वर्ग में कुणाल साहू (भिलाई) एवं नरेंद्र कुमार (कुरूद परखंदा, धमतरी) तथा महिला वर्ग में लक्ष्मी चंद्राकर बेमचा भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### भगवान राम की झांकी के साथ निकाली गई शोभायात्रा

महासमुंद। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी जिला संगठन एवं राम टोली गंजपारा के तत्वावधान में राम भगवान की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम भगवान की शोभायात्रा बाजा गाजा के साथ गंजपारा के महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्ग अंबेडकर चौक, बिठोबा टॉकीज, महामाया मंदिर चौक, गांधी चौक, नेहरू चौक से लोहिया चौक भ्रमण कर महाकाल मंदिर में विसर्जित हुई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से अगवाई राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी छत्तीसगढ़ प्रदेश के संगठन मंत्री एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंदराठी, राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मोहनी शर्मा, जिला अध्यक्ष शरद मराठा, वाहिनी के राजू चंद्राकर ने की।

## जपं सदस्य मोंगरा पटेल ने बुनकर भवन में अहाता निर्माण का किया भूमि पूजन

# कला एवं संस्कृति की विरासत को संरक्षित करने में हथकरघा बुनकरों की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



विकासखंड के ग्राम पंचायत पिसीद में जय गुरुदेव बुनकर सहकारी समिति मर्यादित के बुनकर भवन में अहाता निर्माण कार्य 9.93 लाख के भूमि पूजन में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मोंगरा सत्यनारायण पटेल उपस्थित हुईं।

जनपद सदस्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बुनकर योजना कोई एक अकेली योजना नहीं है, बल्कि सरकार की कई योजनाओं का समूह है, जो हथकरघा बुनकरों को वित्तीय सहायता, सस्ते ऋण जैसे बुनकर मुद्रा योजना, बीमा, प्रशिक्षण और बाजार पहुंच प्रदान करती हैं, जिसका उद्देश्य उनकी आर्थिक स्थिति सुधारना और हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देना है, जिसमें कार्यशालाओं के लिए सब्सिडी, बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और विद्युत बिल में छूट जैसी मदद शामिल हैं। साथ ही बुनकर मित्र हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं हैं।

जनपद सदस्य ने कहा कि भारतीय समाज की परम्परागत कला एवं संस्कृति की विरासत को संरक्षित करने में हथकरघा बुनकरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हथकरघा बुनकरों के पलायन को रोकने, कला एवं संस्कृति को संरक्षित करने तथा इस कला को विलुप्त होने से बचाने के लिए आवश्यक है कि राज्य सरकार की ओर से विशेष सुविधाएं प्रदान कर हथकरघा बुनकरों का पलायन रोका जाए, ताकि वे हथकरघा व्यवसाय से जुड़कर अपना जीविकोपार्जन कर सकें। साथ ही हथकरघा बुनकर जीवन भर मेहनत कर भारतीय संस्कृति, परम्परा एवं कला को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। जिसके लिए सरकार की ओर से हथकरघा बुनकरों को सम्मान दिया जाना आवश्यक है। हथकरघा बुनकरों की दयनीय आर्थिक स्थिति को सुधारने एवं सम्मान देने के लिए ऐसे हथकरघा बुनकर ही पात्र होंगे, जिनकी न्यूनतम आयु 60 वर्ष हो, किन्तु अधिकतम आयु का कोई बंधन नहीं होगा, अर्थात चयन के पश्चात वे जीवन पर्यन्त इस सम्मान के हकदार होंगे। कार्यक्रम का आभार जय गुरुदेव बुनकर सहकारी समिति मर्यादित के प्रबंधक दिनेश कुमार देवांगन ने किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में जागेश्वर प्रसाद देवांगन अध्यक्ष, रामप्यारी देवांगन उपाध्यक्ष, चैतराम देवांगन संचालक सदस्य, कृष्ण कुमार देवांगन संचालक सदस्य, जीतेन्द्र कुमार देवांगन संचालक, गौरीशंकर देवांगन संचालक, उत्तरा बाई देवांगन संचालक, गणेश राम देवांगन संचालक, दिनेश कुमार देवांगन समिति प्रबंधक, एवं बुनकर सदस्य रामेश्वर प्रसाद, दीपक, पूजा, मानिकपुरी, क्रांति बंज़ारे, ट्विंकल कैवर्त आदि ग्रामीणजन उपस्थिति हुए।

## नये साल में मंदिरों में उमड़ी भीड लोगों ने पूजा अर्चना की



**खरोरा।** 2026 का इससे अच्छा स्वागत और क्या हो सकता है, जब गुनगुनी धूप खुद बाहे फैलाए सबको हैप्पी न्यू इयर कह रही हो। लोग अपने-अपने तरीकें से न्यू ईयर सेलिब्रेट करते रहे। पिकनिक स्पॉट, गार्डन सहित पार्कों में भी नए साल का जश्न मनाने पर्यटकों और सैलानियों की भीड़ नजर आयी। वहीं नए साल पर सुबह से ही तिल्दा-नेवरा इलाके की छोटे-बड़े मंदिरों में भी भीड़ उमड़ी लगी रही। श्रद्धालु पूजा करने के लिए परिवार सहित मंदिर पहुंचे। नई उम्मीदों के साथ नए साल का स्वागत करने लोग सबसे पहले मंदिर पहुंचे। फूल, माला और धूप, दीप, नैवेद्य लेकर भक्त पूजा-अर्चना कर नए साल को यादगार बनाया। बंजारी धाम खपरी-मढ़ी, जय मां बंजारी रायपुर सोमनाथ धाम लखना, बोहरही धाम पथरी सहित महाकाली मंदिर सारागांव में भी नए साल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नए साल की शुरुआत भगवान के दर्शन-पूजन से करने के लिए मंदिरों में भक्तों की कतार लगी थी। लोग नए साल की शुरुआत अपने इष्ट देव के दर्शन और पूजन के साथ किये। इस दौरान श्रद्धालु सपरिवार मंदिर पहुंच दर्शन-पूजन कर मत्था टेके और परिवार के सुख-समृद्धि के लिए कामना करते हुए मन्नतें भी मांगी।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कोर्ट ने लगाया 35 हजार का जुर्माना

**भाटापारा।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन जब्त किया। यातायात शाखा भाटापारा द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 3 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा इन सभी 3 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए इनके वाहन विधिवत जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां 2 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10-10 हजार अर्थदंड, 1 प्रकरण में 15 हजार अर्थदंड का आदेश दिया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देवेंद्र यादव का किया स्वागत



**लवन।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व भिलाई विधायक देवेंद्र यादव 1 जनवरी को गुरु घासीदास के जन्मस्थली गिरौदपुरी दर्शन करने जा रहे थे, इस दौरान लवन के कांग्रेसियों ने उनका स्वागत किया। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता धर्मेंद्र खुंटे के जन्मदिन पर केक कांटे। श्री यादव के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु सहित कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे थे, जिनका लवन में स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष देवीलाल बार्वे, अमर मिश्रा, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, प्रवीण टंडन, प्रताप डहरिया, ⏩ शेष पेज 11 पर

## नववर्ष में गुरुद्वारा में हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



नववर्ष के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा गुरूसिंह सभा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों को सकारात्मक एवं वैश्विक सोच से जोड़ने के उद्देश्य से उनके लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जो अलग-अलग आयु वर्गों में संपन्न हुईं।

- बच्चों के बीच हुई अलग-अलग खेलों की प्रतियोगिताएं

अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया की बच्चों के कार्यक्रम का संचालन सम्मी चावला, निशु सलूजा, श्वेता सेठी, शिल्पा टूटेजा, मनी चावला,एवं शीतल सलूजा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का जजमेंट पूजा अरोरा, गुरमीत कौर सलूजा एवं कमल सेठी द्वारा किया गया।

इसके विजेता में खेल में उम्र 5-9 ग्रुप में प्रथम- सार्थक सेठी, द्वितीय- सनवीर छाबड़ा, तृतीय- आरवी छाबड़ा एवं साम्या मक्कड़, उम्र 10-15 ग्रुप में प्रथम- समर्थ सेठी, द्वितीय-जतिन राजपाल, तृतीय-पवित चावला, उम्र 15-25 ग्रुप में प्रथम- हरजस चावला, द्वितीय- मनप्रीत कौर खालसा, तृतीय-बानी कौर। महिलाओं के खेल में अलग अलग ग्रुप ने अपना स्थान बनाया, ⏩ शेष पेज 11 पर

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से घर सौर ऊर्जा से हो रहे रोशन

# 900 से अधिक लोगों ने लगवाएं सोलर पैनल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अब लोगों के घर सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे हैं। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी राशि एवं बिजली बिल से मुक्ति मिलने से सोलर पैनल लगवाने जिले के हितग्राही काफी उत्साहित हैं। जिले के लोगों में इस योजना को लेकर उत्साह इतना प्रबल है कि 10 हजार से अधिक परिवारों ने अब तक पंजीकरण कराकर सौर ऊर्जा अपनाने की दिशा में अपना सशक्त संकल्प व्यक्त किया है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते जिले के बदलते सोच और जागरूकता का प्रतीक है। इसी प्रतिबद्धता और प्रशासनिक सक्रियता का परिणाम है कि 900 से अधिक घरों की छतों पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित हो चुके हैं। ये परिवार आज मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर न केवल आर्थिक बचत कर रहे हैं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी सार्थक योगदान दे रहे हैं।इस योजना की पारदर्शिता और त्वरित लाभ से योजना के प्रति आम नागरिकों का भरोसा और मजबूत हुआ है तथा सहभागिता भी लगातार बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और कलेक्टर दीपक सोनी की निगरानी में ऊर्जा आत्मनिर्भरता का यह अभियान जिले में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। सीएसपी डीसीएल के अधिकारियों द्वारा वेंडर एवं हितग्राहियों के मध्य आवश्यक समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

## लक्ष्मी साहू बने बलौदाबाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष



**बलौदाबाजार।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यापारी लक्ष्मी साहू को चैंबर ऑफ कॉमर्स बलौदाबाजार इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री साहू का कार्यकाल आगामी तीन वर्षों का रहेगा। नियुक्ति की घोषणा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष थोरानी ने जिले के समस्त व्यापारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और इसे जिला मुख्यालय के व्यापारियों के लिए नववर्ष का विशेष उपहार बताया। श्री साहू की नियुक्ति पर जिले के व्यापारिक जगत में हर्ष है। व्यापारियों ने इस मनोनयन का स्वागत करते हुए इसे बलौदाबाजार के व्यापारिक इतिहास का अविस्मरणीय क्षण बताया। उन्होंने साहू को बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में बलौदा बाजार का व्यापार दिन-दूनी रात-चौगुनी प्रगति करेगा तथा व्यापारी वर्ग सुख, शांति और निर्भीक वातावरण में अपना व्यवसाय कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में पांच घंटे का अखण्ड दुर्गा चालीसा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में नववर्ष पर गुड़ी चौक में पांच घंटे का अखण्ड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। गुरूवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक यह आयोजन हुआ। रंजीत चन्द्राकर ने कहा कि नववर्ष का स्वागत अध्यात्मिक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त को लेकर समाज के लोगों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।



### गांव में अखबार वितरण

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड निवासी शोभाराम ध्रुव की पत्नी मिलो बाई ध्रुव द्वारा रोजाना सुबह 5 बजे से 1 किलोमीटर दूर पैदल चलकर हरिभूमि अखबार का वितरण गांव में किया जाता है। उसके बाद ही घरेलू काम काज में जुटती हैं।

### नववर्ष पर जीतू ने किया रक्तदान




**महासमुंद।** खरोरा के जीतू मनिकापुर ने नववर्ष पर पर रक्तदान किया। वे 2025 में तीन बार रक्तदान किया। साल 2026 की शुरुआत रक्तदान कर किया। जीतू ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से भी आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना की है।

### चंदूलाल चन्द्राकर की जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने वरिष्ठ पत्रकार चन्दूलाल चन्द्राकर की जयंती पर शत शत नमन किया।



चंद्राकर छत्तीसगढ़ की सामाजिक-राजनीतिक चेतना के सशक्त स्वर थे। वे एक कर्मठ पत्रकार, निर्भीक लेखक और जनभावनाओं से जुड़े पूर्व सांसद व केन्द्रीय मंत्री रहे। पत्रकारिता के माध्यम से उन्होंने सत्य, जनहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की सतत पैरवी की, वहीं संसद में रहते हुए क्षेत्र और समाज की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया। चंद्राकर की पहचान साफ़-सुथरी सोच, सादगीपूर्ण जीवन और जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से बनी। वे सत्ता या पद से ऊपर सिद्धांतों को मानते थे। उनकी लेखनी ने समाज को जागरूक किया और उनकी राजनीति ने जनविश्वास को मजबूती दी।



### नगर में दीप प्रज्वलित

**महासमुंद।** अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ पर शहर के मुख्य मार्ग में दीप प्रज्वलित की गई। मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर दीप जलाते भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू।

### निधन

### हीरा बाई सेन

**महासमुंद।** ग्राम खैराभाठा निवासी



हीरा बाई सेन का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम भलेसर रोड में किया गया। वे छबिराम सेन की धर्मपत्नी व मुरारी सेन की मां थी।

## आयोजन: भोथा में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

# प्रतिभाओं को निखारने का उत्तम मंच है डीजे डांस प्रतियोगिता : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम भोथा में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि डीजे डांस प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का उत्तम मंच होता है।

साल के आखिरी दिन ग्राम भोथा में ग्रामवासियों के तत्वावधान में रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के सभापति तुला राम ठाकुर, सविता ठाकुर, बल्ला राम जगत, कैलाश ध्रुव, बृजलाल ठाकुर, गौरी मुकेश ठाकुर



मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि क्षेत्र में कई ऐसे युवक युवती है, जो अपनी प्रतिभा और कला से अभिभूत है। जिन्हें अपनी कला दिखाने के लिए एक सार्थक मंच की आवश्यकता होती है। यह वहीं मंच है, जिसके द्वारा युवा डांस के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। ग्रामीणों ने कलाकारों को मंच देने का जो कार्य किया है वह सराहनीय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवानंद ठाकुर, टेमसिंग ठाकुर, पवन ठाकुर, टुकेन ठाकुर, नरेश ध्रुव, नेहरू चक्रधारी, सेतरम ठाकुर, पिलाराम ठाकुर, भानुप्रताप ठाकुर, संतराम ठाकुर, भारत ठाकुर, डिगेश ठाकुर, तुकेराम ठाकुर, डिगेश ठाकुर, चंदन ठाकुर, लालसिंग ठाकुर, बेदराम ठाकुर, गोलू ठाकुर, टिकेश ठाकुर, कौशल ठाकुर, पीलू ठाकुर, रेखराज ठाकुर, चोवलाल ठाकुर, खेमराज ठाकुर, हेमंत ठाकुर, भेखराम जगत, प्रेमसिंग ठाकुर, प्रेमलाल नागेश, थानेश ठाकुर, अमर सिंग ठाकुर, तेजन ठाकुर, विष्णु ठाकुर, थानसिंग ठाकुर, गोकुल नागेश, गौतम ठाकुर, संतोष ठाकुर, मुकेश ठाकुर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# शारदा इलेवन ने 6 विकेट से की जीत, अमन मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम तोरेसिंहा में आयोजित जेएमपी कप संयुक्त टूर्नामेंट शारदा इलेवन ने जीता। फाइनल मुकाबला जंगलबेड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें शारदा इलेवन ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। विजेता टीम को शानदार ट्राफी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कुमारी तथा अध्यक्षता सीएसपीडीसीएल के भूतपूर्व सेक्सन आफिसर पृथ्वीराज प्रधान थे। अतिथियों के आगमन पर गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया।



प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अमन ग्वाल मैं आफ द टूर्नामेंट तथा मैंन आफ द मैच चुने गए। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कमलेश भोई, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पोलेश मिश्रा, सर्वश्रेष्ठ कीपर शुभम साहू, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक लव कुमार पटेल रहे। सभी प्रतिभा खिलाड़ियों को कप मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि प्रधान ने विजेता टीम शारदा इलेवन को शानदार जीत के लिए बधाई देते हुए आयोजन की सराहना की। जिला पंचायत सभापति कुमारी ने कहा कि खेल केवल हार-जीत के लिए नहीं है, बल्कि इससे आपसी सामंजस्य, एकता, अनुशासन का भाव आता है। विशिष्ट अतिथि के रुप में सुनिता कुम्हार, सरपंच ग्राम पंचायत तोरेसिंहा, गिरधारी साहू अध्यक्ष कोलता समाज रायपुर संभाग, उद्धव नंद सभापति जनपद पंचायत सरायपाली, गोकुल भोई सरपंच ग्राम पंचायत भुथिया, विनय पटेल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तोरेसिंहा, वीरेन्द्र साहू सोसायटी अध्यक्ष सेमलिया, शैलेन्द्र साहू अध्यक्ष फुलझर क्रिकेट संघ सरायपाली थे।

# श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में शामिल हुए खल्लारी विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम घोंच में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ अमृत कथा में शामिल होकर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भगवान राधाकृष्ण की पूजा अर्चना कर समस्त ग्राम व क्षेत्रवासियों के मंगल कामना की। विधायक यादव ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। साथ ही कथा के आयोजन से सभी एकजुट होते हैं और कथा रसपान कर पूण्य के भागी बनते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक चेतना समानता और समाज के एकीकरण तथा विकास में ऐसे कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत आदर्श जीवन का निचोड़ है। भगवान कृष्ण के बताए मार्ग पर देश व समाज को चलने की आवश्यकता है। भागवत से हमें अच्छाई को स्वीकारना चाहिए। अच्छी बातों को जीवन में अनुशरण करना चाहिए। बुराइयों को दूर करेंगे, तभी समाज में शांति की स्थापना होगी। इस दौरान कैलाश चंद साहू, दमयंती साहू, चन्द्रहास साहू, लेखी प्रभा साहू, देवेन्द्र साहू, जानकी साहू सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

# गायत्री परिवार ने कराया 801 गर्भवती महिलाओं का गर्भोत्सव संस्कार, बना गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

संस्कारवान और स्वस्थ पीढ़ी के निर्माण की दिशा में गायत्री परिवार ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए सरायपाली और बसना विकासखंड की गर्भवती महिलाओं के लिए भव्य सामूहिक गर्भ संस्कार एवं गर्भोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस विशेष आयोजन में कुल 801 गर्भवती महिलाओं का विधिवत गर्भ संस्कार कराया गया। वहीं 700 गर्भवती महिलाओं को गर्भोत्सव किट का वितरण किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत प्रदेश संयोजक सरला कोसरिया के नेतृत्व में हुआ। इस आयोजन में युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार सरायपाली का विशेष सहयोग रहा, जिनके समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफल रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं, उनके परिजन, स्वयंसेवक तथा गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और विधि-विधान के साथ गर्भ संस्कार कराया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। विद्वान आचार्यों द्वारा गर्भ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान सकारात्मक विचार, मंत्र जाप और संस्कारों का शिशु के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर गहरा प्रभाव पड़ता है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट का वितरण किया गया। सुपोषण किट में गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सामग्री शामिल रही। विभागीय प्रतिनिधियों ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रदेश संयोजक सरला कोसरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि गर्भ संस्कार केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी को संस्कार, स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि यदि गर्भावस्था के दौरान ही शिशु को अच्छे संस्कार मिलें, तो समाज और राष्ट्र का भविष्य स्वतः ही उज्ज्वल होगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी गर्भवती महिलाओं के सुखद, सुरक्षित और स्वस्थ मातृत्व की कामना की गई। यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को सशक्त करने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है।

### दमन एंड दीव में खेलो इंडिया गेम्स 5 से, क्षितिपति करेंगे छग का प्रतिनिधित्व

**सरायपाली।** खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन आगामी 5 से 9 जनवरी तक केंद शासित राज्य दमन एंड दीव में किया जा यह है। यह प्रतियोगिता दीव के समुद्र तट पर घोगल बीच पर आयोजित है। जिसमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलेंडा के व्यायाम शिक्षक व कबड्डी के राष्ट्रीय निर्णायक क्षितिपति साहू का चयन उक्त प्रतियोगिता में हुआ है। क्षितिपति साहू खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ के एकमात्र निर्णायक के रूप प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, महासचिव प्रदीप यादव ने हर्ष व्यक्त किए है। साथ युवा क्षेत्रीय खेल विकास समिति के सभी सदस्यों एवं स्कूल के प्राचार्य एन एल भोई के साथ शाला परिवार कलेंडा के सभी सदस्यों ने हर्ष जताया है।



### ऑल इंडिया ड्यूज बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज, 4 को समापन

**सरायपाली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीनाकाशी क्रिकेट मैदान में ऑल इंडिया ड्यूज बाल क्रिकेट टूर्नामेंट स्वर्गीय रघुवीर साहू की स्मृति में आयोजित किया गया। माँ रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी के तत्वावधान में आल इंडिया एमएफसी कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जो 4 जनवरी तक आयोजित है। टूर्नामेंट के प्रथम दिवस शुभारंभ अवसर पर प्रायोजक किरण कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश मित्तल, विशिष्ट अतिथि के रूप में दमयंती साहू जनपद सदस्य क्रमांक 6, अनिल मुन्ना सरपंच बैतारी एवं सभी पंचगण, अमित प्रधान (उपसरपंच), विष्णु अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शंकर दयानंद अग्रवाल, मनीष बंसल, दयालाल पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, हेमंत कुमार नायक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए संरक्षक सुनील साहू, अध्यक्ष नवीन साहू, उपाध्यक्ष नीरज प्रधान, सचिव अमित शनिकर, आशीष शनिकर, राजा साहू, मानस सेठ आदि सदस्य लगे हुए हैं।




# युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर को अंधविश्वास जागरुकता अभियान की सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

समाज में आज भी अंधविश्वास गहरी जड़ें जमाए

- अंधविश्वास के खिलाफ चलाया जाएगा व्यापक जनजागरूकता अभियान : दिनेश

हुए है। छोटी बीमारियों से लेकर गंभीर रोगों तक के इलाज में आज भी लोग झाड़-फूंक, टोना-टोटका और ओझा-गुनिया जैसे अंधविश्वासों पर भरोसा कर रहे हैं। विज्ञान के इस आधुनिक युग में भी बच्चों के रोने या अचानक तबीयत बिगड़ने जैसी घटनाओं को बुरी नजर से जोड़कर बैगा-गुनिया के पास ले जाया जाता है, जो समाज के विकास में एक बड़ी बाधा है।



उक्त विचार अंधविश्वास उन्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्रा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों के साथ-साथ अब शहरों में भी अंधविश्वास मानने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। जगह-जगह नीम-हकीम, बैगा-गुनिया दुकानें खोलकर बीमार और भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं, जिससे लोग धन और स्वास्थ्य दोनों गंवा बैठते हैं। ऐसे में समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। इसी कड़ी में महासमुंद के युवा वैज्ञानिक एवं संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा के संचालक गौरव चंद्राकर ने अपनी टीम के साथ अंधविश्वास उन्मूलन समिति के प्रधान कार्यालय फूल चौक, रायपुर में अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्रा एवं समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात कर कोई नारी टोनही नहीं अभियान को लेकर सार्थक चर्चा की।

### आवारा कुत्तों से सावधानी बरतने एवं उपचार के परिपालन में हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** सर्वोच्च न्यायलय के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आवारा कुत्तों से सावधानी बरतने एवं उपचार के परिपालन में वर्कशॉप आयोजित की गई। यह वर्कशॉप आयुक्त उच्च शिक्षा डा संतोष देवांगन के निर्देशन एवं प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ इस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के आधार पर आयोजित एक जागरूकता अभियान है। पशुओं से होने वाले नुकसान से बचाव एक सकारात्मक पहल एवं अत्यंत आवश्यक कदम है। इसके परिपालन के लिए महाविद्यालय में समिति का गठन किया गया है। इस समिति का नोडल अधिकारी डॉ जगदीश कुमार सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकी को नियुक्त किया गया है। साथ ही शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर (निदान) 1100 को महाविद्यालय मुख्य जगहों पर चस्पा किया गया है। इस वर्कशॉप में मुख्य वक्ता डॉ देवेश कुमार गिरी प्राचार्य शासकीय वेटेनरी पॉलिटेक्निक एवं डॉ गोविना देवांगन सहायक प्राध्यापक शासकीय वेटरनरी पॉलिटेक्निक उपस्थित रहे, जिन्होंने आवारा पशुओं से होने वाली बीमारिया, बचाव तथा इनके उपचार के संबध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इन्होंने महाविद्यालय परिसर को आवारा पशुओं से मुक्त बनाने उपाए भी बताए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ जगदीश कुमार सत्यम द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। बैठक में महाविद्यालय से डॉ रीता पांडे, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ आरके अग्रवाल, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा, दिलीप कुमार बढ़ाई, केशरचंद बनपाल, दिलीप लहरे, आशुतोष पुरी गोस्वामी, सरस्वती सेठ, अन्य अतिथि व्याख्याता एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। संचालन विजय कुमार मिर्चे अतिथि व्याख्याता राजनीति ने किया।

### छिंदौली में मनाई गई बाबा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम छिंदौली में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देकर पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सरपंच विशेश्री साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि घनश्याम जोगी, शोभित कुर्रे, बबलू, राजेश, सुरेश, महेश, दिनेश, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता शालिग्राम का स्वरूप : रिंकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**दूरस्थ ग्राम कुल्हरिया स्थित चंडी मन्दिर प्रांगण में हुआ हिन्दू सम्मेलन**

जाति-वर्ग, ऊंच-नीच से ऊपर उठकर हिन्दुओं की एकजुटता ही हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य है। खानपान, पूजा पद्धति, भाषा-भूषा आदि में विविधता के बावजूद सभी हिन्दू एक हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्ष की तपस्या का परिणाम है कि आज हिन्दू संगठित हो रहा है। भारत को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करना ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य है, इसके लिए जरूरी है कि व्यक्ति का राष्ट्रीय चरित्र सही हो इसके लिए शाखाओं का आयोजन किया जाता है। जहां व्यक्ति निर्माण किया जाता है। व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण सुनिश्चित होता है।

उक्त उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष पर पचरी मण्डल के ग्राम कुल्हरिया स्थित चंडी मन्दिर परिसर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में प्रमुख वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह कार्यवाह रिंकू बैरागी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अनेक ठोकरों को झेलकर कोई पत्थर शालिग्राम बनता है, उसी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता अनेक संघर्षों के बाद निखरकर शालिग्राम की भांति तैयार होता है जो सदैव राष्ट्रसेवा को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लेता है। बैरागी ने संघ की स्थापना से अब तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राह में आने वाली चुनौतियों तथा प्रतिबंधों के विषय में बताते हुए संघ द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित नवागांव के समाजसेवी धरम पटेल ने हिंदुत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दू उदारवादी होता है, कुछ विधर्मियों ने हिन्दुओं को जाति और वर्ग में बांटने की कोशिश की परन्तु प्रत्येक हिन्दू को समझना चाहिए कि सभी हिन्दू एक हैं, ना कोई उच्च है ना कोई निम्न है। सुधा साहू ने पंच परिवर्तन के विषय पर विचार रखते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाना मतलब अपनी जान बचाना है, परिवार के साथ सामूहिक भजन व भोजन से कुटुंब मजबूत होगा, तभी समाज मजबूत होगा और तभी राष्ट्र मजबूत होगा। पर्यावरण संरक्षण पर कहा कि पेड़, पानी और प्लास्टिक के उचित उपयोग से पर्यावरण नियंत्रित रहेगा, नागरिक कर्तव्यों के साथ अनुशासन का पालन ही देश को महान बनाता है।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि समाजसेवी जगन्नाथ डडसेना ने पर्यावरण पर अपनी स्वरचित कविता सुनाई, सम्मेलन की अध्यक्षता जोबा के समाजसेवी पवन दीवान ने की तथा स्वागत भाषण विद्यान्शु डडसेना ने प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक मनोज देवांगन ने पूज्य मां की अर्चना का एक छोटा उपकरण हूँ इस गीत से उपस्थित लोगों की काफी सराहना बटोरी। ग्राम जोबा की रामायण मंडली द्वारा रामचरित मानस प्रस्तुत किया गया। संचालन ग्राम बरेकेल के टुकेश्वर चक्रधारी ने किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह बौद्धिक प्रमुख राधेश्याम सोनी, खण्ड कार्यवाह चन्दन डडसेना, सह बौद्धिक प्रमुख ओम नारायण शर्मा, सह संपर्क प्रमुख मनोज देवांगन, प्रचार प्रमुख देवेन्द्र निर्मलकर, सह प्रचार प्रमुख हेमन्त पंडा, समाज प्रमुख हीरालाल साहू, तुलसीराम दीवान, टेकराम भारती, भानू पटेल सहित पचरी मंडल से देवेन्द्र राय, द्रोण दीवान, रुद्र डडसेना, मेघनाथ साहू, राजेन्द्र कंवर, यशवंत साहू, सुशील दीवान, अर्जुन कोसरिया, जया आवडे, उर्मिला धृतलहरे तथा झलप मण्डल से राकेश साहू, ललिता अग्रवाल, सम्मी सलूजा, भूपेन्द्र चन्द्राकर, कुलजीत सलूजा, निर्भय नायक, टीकम पटेल आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन रायगढ़ में कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन 3 एवं 4 जनवरी को पंजरी प्लांट कलेक्टर कार्यालय के पास रायगढ़ में आयोजित है। उक्त सम्मेलन के लिए प्रांतीय संगठन मंत्री एवं शिक्षकों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय द्वारा राज्यभर के शिक्षकों की एकजुटता के लिए अपील की गई है। संगठन के उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि मस्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, अध्यक्षता राज्य के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि के रुप में राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, सांसद कमलेश जांगड़े एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित होकर प्रदेशभर के शिक्षकों की भावनाओं को समझते हुए शिक्षा, शिक्षार्थी व राष्ट्रहित में मंथन करेंगे। सेन ने बताया कि शिक्षकों का यह राज्य स्तरीय सम्मेलन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर शिक्षक संघ के चार पुरुषार्थ पर पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री प्रदीप शर्मा बिलासपुर, राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर पालक अधिकारी शिक्षा समूह सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नारायण नामदेव का उद्बोधन प्राप्त होगा।

# रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे वर्षगांठ पर राममय हुआ इमलीभाठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के इमली भाठा में अयोध्या धाम श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिमा के द्वितीय वर्षगांठ पर रानी लक्ष्मी बाई बस्ती इमलीभाठा, अयोध्या नगर, राम रहीम नगर, रामवाटिका, इन्द्रा कालोनी के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक भक्तिमय वातावरण में रामभक्त झूमते रहे। आयोजन समिति के सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि अयोध्या धाम श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे वर्षगांठ पर हिन्दू तिथि कुर्म द्वादशी पर स्थानीय राधाकृष्णा मानस मंडली इमलीभाठा, श्रद्घा भक्ति मानस परिवार, बजरंग मानसमंडली हरि कीर्तन मानस परिवार बोडरीदादर विशेषकर दिव्य ज्योति विंध्यवासिनी मानस मंडली नौगढ़ी अरेकेल बसना एवं लोक कलाकारा विश्राम यादव मानस परिवार बागबाहरा, रामकुमार साहू, राजेन्द्र राजू चंद्राकर, वीणा साहू, मानस परिवार की प्रस्तुति ने श्रद्घालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने बताया कि सांयकालीन सत्र में नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी द्वारा महाआरती कराया गया। जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं भारत माता की आरती के समय हजारों की संख्या में भक्तजन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के आचार्य मुकेश अहिर, पंचानन शास्त्री, आचार्य नंदलाल के मार्गदर्शन में बाल ब्रम्हचारियों द्वारा एवं गायत्री परिवार महासमुंद के महिलाओं द्वारा शंखनाद एवं महाकाल समिति द्वारा विहंगम डमरुवादन ने विहंगम वातावरण तैयार किया।

## इमलीभाठा में भक्तिमय आयोजन के साथ हुआ हिन्दू सम्मेलन



### इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम की सफलता में आयोजित समिति की ओर से डीआर सोनी, विजय चंद्राकर, लालाराम साहू, सुदामा मिश्रा, तीरथदास वैष्णव, बंशी साहू, हनीश बग्गा, महावीर पवार, राखी शर्मा, जानकी आर्य, महेश, ओमप्रकाश, संतोष देवांगन, राजेश सोनी, छेदीलाल राठौर, नीलमणी चंद्राकर, तुषार पाल, मोनू देवांगन, पूरन, दाऊलाल, गोवर्धन मनकू रौतिया, जीएस ठाकुर, रोशन बग्गा, प्रभा साहू, सविता, दुलारी चंद्राकर, मुन्ना विश्वकर्मा, लेमन महाडिक, नेमी अग्रवाल, खिलावन धनकर, संजना नामदेव, संगीता गोस्वामी जगदीश साहू, विमला चंद्राकर सहित समस्त मोहल्लेवासियों को विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप





### विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**महासमुंद।** हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने के लिए बस्ती के हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, धर्म और सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर बस्ती पुराना मलेरिया ऑफिस दुर्गा समिति स्थल पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक श्रीवास्तव ने की, जो छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के प्रदेश संगठन मंत्री हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जसवंत साहू खंड कार्यवाहक बागबाहरा ने संघ के इतिहास और संघर्षों पर अपने विचार रखें। अन्य वक्ताओं में आचार्य पंडित नारायण दास वैष्णव और मनोज साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। और हिंदू जागरण की बात कही। कार्यक्रम का समापन मां भारती और श्रीराम की आरती के साथ हुआ। इसके बाद भजन संध्या और महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छन्नू साहू, गोपी कन्नौजे, अशोक ध्रुव, राकेश साहू और लोकू साहू का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन भीमराव बस्ती के बस्ती प्रमुख संजय यादव एवं आभार प्रदर्शन आकाश कन्नौज ने किया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन



**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पलसीपानी मं, आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे लिए बहुत ही लाभदायक है। क्योंकि, वह हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेल हमें, आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है। यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। खेल प्रतियोगिताएं हार-जीत के साथ आत्ममंथन और आगे बेहतर करने की प्रेरणा देती हैं। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है, जिससे पढ़ाई और जीवन दोनों में संतुलन बना रहता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुशल मरकाम, देवधर यादव, लोकसाय मरकाम, सेत राम यादव, हरक राम यादव, खगेश कुमार, योगेश कुमार, रामलाल बरिहा, पुरण सिंग ओटी, ओमप्रकाश यादव, हेमसिंग, उत्तम यादव, जगमोहन यादव आदि मौजूद रहे।

### शोभायात्रा के साथ 51 पोथी श्रीमद् देवी भागवत कथा हुआ आयोजन

**बागबाहरा।** नगर में 51 पोथी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा आयोजन का समापन हवन पूजन, भंडारा के साथ श्रद्धा एवं उत्साह पूर्ण वातवरन में हुआ। इस अवसर पर पूजा पंडाल में विराजित मां दुर्गा के प्रतिमा का शोभायात्रा के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का रास्ते में श्रद्धालुजनों ने परंपरागत रूप से आरती उतार स्वागत किया। पिछले कुछ वर्षों से यजमानों द्वारा सामूहिक रूप से साल के अंतिम सप्ताह में ऐसे आयोजन नगर में परंपरा का रूप धारण करता जा रहा। अग्रसेन भवन के पास मैदान में श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा आयोजन पंडित वसंत कुमार दुबे के मार्गदर्शन में बारहवां वर्ष रहा और उल्लेखनीय बात यह है कि एक ही स्थान पर एक ही कथावाचक के इस आयोजन में श्रद्धालुजन बड़ी संख्या सहभागिता निभा बड़ी सख्या में कथा श्रवण करते हैं। गत वर्ष 108 पोती श्रीमद् भागवत कथा का यहां आयोजन हो चुका है। इस बार यहां 51 यजमानों द्वारा 51 पोथी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा आयोजन किया ।

## विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति किया प्रेरित, किया सम्मान

# परीक्षा पे चर्चा में छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा




पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में परीक्षा पर चर्चा के लिए पलकों को आमंत्रित कर पलक मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संस्था प्रमुख चूड़ामणि वर्मा ने सभी बच्चों को नए वर्ष की हार्दिक बधाई दी। साथ ही परीक्षा पे चर्चा करते हुए बच्चों को पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत करने, नियमित वेशभूषा के साथ शाला आने एवं अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी हेतू मन लगाकर पढ़ाई करने संबंधी आवश्यक जानकारी दी। साथ ही पालकों को अपने बच्चे के पढ़ाई के प्रति सजग रहने की अपील की। शिक्षक विनोद कुमार पटेल ने नये वर्ष पर कक्षा 3री के प्रतिभावान बच्चों के साथ-साथ सभी बच्चों को विभिन्न पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। इनमें नियमित उपस्थिति, हिंदी पठन, अंग्रेजी पठन, सबसे अधिक पहाड़ा सुनाने, स्वच्छ वेशभूषा पर शाला आने वाले सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पहाड़ा, पानी बॉटल, कम्पास बॉक्स, मोंजा एवं चॉकलेट भेंट कर सम्मानित किया। संस्था प्रमुख चूड़ामणि द्वारा सम्मान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद वर्मा, संस्था प्रमुख संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारु दास बांधे, शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू, अरुण कुमार रात्रे, लोमस कुमार कोसरे, शिक्षिका सुकृता सेन, ज्यामिति यदु, दीपमाला तिवारी, गीतांजली पटेल, हुलसी वर्मा, मनोज वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा शाला के बच्चे एवं रसोईया उपस्थित थे।

## भरत देवांगन स्कूल में लगा परीक्षा पे चर्चा महा अभियान मेला



**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी–अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा महाअभियान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों, उनके पालकों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना एवं परीक्षा पे चर्चा 2026 कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना रहा। आयोजन के दौरान उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं पालकों से पीपीसी 2026 पोर्टल में शत-प्रतिशत पंजीयन कराने तथा अपने प्रश्न पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने का आग्रह किया गया।

विद्यालय प्रशासन के प्राचार्य रजनी मिंज एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि यह अभियान विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं बेहतर परीक्षा तैयारी के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में शिक्षकों ने पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, जयंती साहू, अल्का मिंज, तान्या भट्टाचार्य, मोंगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, जगदेव सिंह बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, शिवांगी निषाद, अरविंद, अनिल कुमार, कल्याणी साहू, नीलिमा वर्मा, नीलम वर्मा, कविता देवांगन, यश अमलानी, यतिराम कन्नौजे, अभिभावकगण एवं नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# निरीक्षण पर निकली उड़नदस्ता टीम ने 22 हाईवा पकड़ी, जुर्माना भी लगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेत माफिया दिन की जगह अब रात के समय में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करा रहे हैं। खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने मंगलवार रात को आरंग, मंदिर हसौद, नया रायपुर, उपरवारा, अभनपुर क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए रेत से भरी 22 हाईवा गाड़ियों को पकड़ा है। इन गाड़ियों को संबंधित क्षेत्र के थाना में जब्ती बनाते हुए उनके मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया है। खनिज विभाग के उप संचालक राजेंद्र मालवे ने कहा कि विभाग में शिकायतें मिल रही थीं कि रात के समय में रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इन शिकायतों के आधार पर टीम को निरीक्षण के लिए रात में भेजकर कार्रवाई कराई गई है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाना कलेक्टर की भी मंशा है, इसलिए इसे रोकने के लिए विभागीय टीम को अब रात में भी लगातार निरीक्षण के लिए भेजा जाएगा।

### बिना रायल्टी पर्ची के परिवहन

खनिज विभाग की उड़नदस्ता की टीम अब रात 7 बजे से तड़के 5 बजे तक निरीक्षण करने निकल रही है। यह टीम आरंग, मंदिर हसौद, नया रायपुर, अभनपुर क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत खदानों से गुजरने वाली सड़कों पर निरीक्षण करते हुए रेत का अवैध रूप से परिवहन करती गाड़ियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। पकड़े जाने के बाद इन गाड़ियों के चालकों से रायल्टी पर्ची के बारे में पूछने पर नहीं होने की जानकारी दी गई, जिसके बाद टीम ने सभी गाड़ियों को जब्ती बनाकर संबंधित क्षेत्र के थाना परिसर में खड़ा किया है।

### वाहन मालिकों पर 6 लाख से अधिक जुर्माना

अवैध रेत परिवहन में संलिप्त हाईवा गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध खनिज विभाग ने जुर्माना भी लगाया है। प्रत्येक गाड़ी के मालिक पर लगभग 28 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इस तरह कुल 22 गाड़ियों के मालिकों पर समझौता राशि के तहत 6 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। समझौता राशि का भुगतान करने के बाद ही जब्त गाड़ियों को छोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले माफिया तथा उसे जुड़े लोग सक्रिय हैं। ये माफिया सेमरा, पारागांव, तर्रीघाट, लखना, गौरभाठ, हरदीडीह सहित कई गांव में नदियों से रेत का अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन करा रहे हैं। ये अवैध काम दिन ढलने के बाद ही किया जा रहा है। खनिज विभाग में नए अफसर के आने के बाद अब से इस पर लगाम कसने के लिए रात में भी उड़नदस्ता की टीम निरीक्षण पर भेजी जा रही है।

## मनखे-मनखे एक समान का कौंदकेरा जीवंत उदाहरणः विजय

**महासमुंद।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम कौंदकेरा ग्राम में निवासरत सतनामी समाज के 6-8 परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित करती आ रही हैं, जिसमे पूरे गाँव मे हर्षोल्लास के साथ सर्वसमाज द्वारा जयंती का पर्व मनाया जाता है। इस दिवस गांव के सभी समाज के परिवार में बहन बेटियां तीज त्योहार की भांति अपने मायके आकर कार्यक्रम का हिस्सा बनती है। 1992 से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन 28 दिसम्बर को सर्वसमाज की भूमिका व सहयोग से आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष आयोजित जयंती में मुख्य अतिथि दाऊ विजय बंजारे जिला अध्यक्ष प्रगतिशील छग सतनामी समाज रहे। अध्यक्षता जिला सचिव रेखराज बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि में सुधा योगेश्वर चन्द्राकर जनपद सदस्य, सरपंच रूपसिंग बंजारे, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, योगेश्वर चंद्राकर, पंच प्रकाश ध्रुव, पंच सोहद्रा चन्द्राकर, पंच द्वारिका चन्द्राकर विराजमान रहे।

कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने सर्वसमाज की भूमिका का प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ग्राम मानवता औऱ गुरु घासीदास बाबा का प्रथम सिद्धान्त मनखे मनखे एक समान का जीवंत उदाहरण है।

## उत्साह और आस्था के साथ हुआ साल का आगाज मंदिर एवं पर्यटन स्थलों में लगी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीते वर्ष 2025 को विदा कर नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए जिले के शहर से लेकर गांव तक जश्न का माहौल रहा हैं। 31 दिसंबर की शाम होते ही पूरा जिला उमंग और उत्साह में डूब गया एवं रात में जब सुई का काटा 12 बजे से पार किया तो युवाओं ने केक काटकर और आतिशबाजी के साथ नए साल का अभिनंदन किया, वहीं प्रशासन ने सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए। जिले के प्रमुख पर्यटन और पिकनिक स्थलों जैसे सिरपुर, कोडार बांध, दलदली और घुंचापाली में साल के शुरुवात में सैलानियों का तांता लगा रहा।



दूर-दराज से आए लोग परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक का आनंद लेते दिखे। शहर के मुख्य चौराहों और पिकनिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। हुड़दंगियों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नजर रखा गया है।

31 दिसंबर की शाम से ही व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शुभकामनाओं का दौर शुरू हो गया। लोग अपने करीबियों को संदेश और वीडियो कॉल के जरिए नए साल की बधाई देते नजर आए। रात के 12 बजते ही आसमान आतिशबाजी की रोशनी से सराबोर हो गया और हैप्पी न्यू ईयर के नारों के साथ साल 2026 का भव्य स्वागत किया गया। बागबाहरा क्षेत्र स्थित घुचापाली चंडी मंदिर के महाराज बलदाऊ गोस्वामी ने बताया है कि मंदिर में नये साल के अवसर पर सुबह से भक्तों ताता लगा रहा जिसके लिए मंदिर प्रबंधन ने व्यापक इंतीजाम किया रहा है।



## मुख्यमंत्री ने वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट 18 जिलों के 2100 गांवों तक पहुंचाएंगी स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूरस्थ और घने वनांचल वाले आदिवासी क्षेत्रों में अब स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के दरवाज़े तक पहुंचेंगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान "पीएम जनमन" के तहत बुधवार को नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मोबाइल मेडिकल यूनिटों के संचालन से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) तक नियमित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। सरकार का मानना है कि दुर्गम अंचलों में रहने वाले समुदायों को अस्पताल तक पहुंचने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए यह व्यवस्था स्वास्थ्य सुविधाओं को सीधे उनके गांवों व बसाहटों तक पहुंचाएगी। मोबाइल मेडिकल यूनिटों की तैनाती से प्रदेश के 18 जिलों के 2100 से अधिक गाँवों और बसाहटों तक नियमित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

### 25 तरह की जांच की सुविधा होगी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में रहने वाले परिवारों के लिए अब इलाज और जांच की सुविधा गांव में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने इस पहल को आदिवासी समुदायों की "सर्वांगीण भागीदारी और स्वास्थ्य सुरक्षा का ठोस आधार" बताया। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट उनके लिए वरदान साबित होगा। 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्निशियन और स्थानीय वालंटियर उपस्थित होंगे।

### *हर यूनिट 15 दिन में स्वास्थ्य शिविर करेंगी*

*स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर 2023 को विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए पीएम जनमन योजना की शुरुआत की। इसका उद्धेश्य बुनियादी सुविधाओं को सीधे बसाहटों तक पहुंचाना है। आपातकालीन स्थिति में मरीज को इन यूनिट के माध्यम से निकट स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाना आसान होगा। हमारा उद्धेश्य सिर्फ मशीनें ही नहीं, अपितु कुशल एवं संवेदनशील कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी है। ये यूनिटें हर 15 दिन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगी, जिनमें 25 से अधिक प्रकार की जांच और रोगों का उपचार किया जाएगा और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया जाएगा। गंभीर मरीजों को आवश्यकता अनुसार निकटतम स्वास्थ्य संस्थानों में भेजा जाएगा।*

## पेज 9 के शेष

### नववर्ष पर गुरुद्वारा...

जिसमें प्रथम - सीता मक्कड़ , मीनू गुंबर एवं तरण राजपाल, द्वितीय- नीलू राणा, पूनम सेठी एवं प्रभजीत कौर, तृतीय- परमजीत कौर जी, ईना छाबड़ा एवं मनी चावला विजेता रहे। पुरुषों ग्रुप में प्रथम - जगप्रीत सिंघ, द्वितीय- राजा सिंघ गुंबर, तृतीय- मंनी सिंघ छाबड़ा विजाता रहे। इसके पश्चात रात्रि 10 बजे से गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन एवं सिमरन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संगत ने सिमरन के माध्यम से गुरु घर से जुड़कर नववर्ष का स्वागत किया। नववर्ष के अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा द्वारा सभी के लिए लंगर की सुंदर व्यवस्था की गई गुरुद्वारा गुरूसिंह सभा के प्रधान सरदार मनमहेन्दर सिंह चावला (बबलू), बलवंत सिंह सलूजा, हरभगवान गुम्बर, राजा गुम्बर एवं अमरजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ...

हिंछाराम अनंत अध्यक्ष सतनामी समाज लवन, पार्षद प्रकाश ताम्रकार, अजय ताम्रकार, धर्मेंद्र खुंटे, धनु जांगड़े, मनोहर कातरे, कलीमुला अंसारी सहित कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किये। एक प्रश्न के जवाब में देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा के 2 वर्ष का कार्यकाल आप सबके सामने हैं इनके कार्यकाल में आज किसान महिला युवा सभी वर्ग के लोग त्रस्त हैं। धान बेचने के लिए किसान टोकन के चक्कर में आत्मदाह तक कर रहे हैं। भाजपा सरकार जल जंगल जमीन को लगातार बेच रही हैं, इससे जनता में काफी आक्रोश है। श्री यादव ने कहा कि आगामी समय में कांग्रेस जनता की आवाज को अच्छी तरह से उठायेगी।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
02 जनवरी 2026 SHOW TIME
धुरंधर
शो समय -06:00, 09:00 PM
इक्कीस
शो समय - 03:00, 6:00 PM
धनेश के आराधना सीजी
शो समय - 12:00, 03:00 PM
का तै मोला मोहनी मार दिया रे सीजी
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### बिरकोनी हुआ राममय, रामजानकी मंदिर में किया दीप प्रज्वलित

**बिरकोनी।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण होने पर बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में रामलाल की पूर्ण अभिषेक व रामचरित मानस पाठ हुआ। आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने सर्वप्रथम मन्दिर में ध्वजारोहण एवम भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के धर्म विग्रह की दिव्य अनुष्ठान रामचरित मानस पाठ एवम महामन्त्र जाप से किया। भगवान श्रीराम का पंच अमृत से पूर्ण अभिषेक व विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। इसे लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। मंदिर में देर शाम तक दीप दान का आयोजन हुआ। सनातन धर्म समिति के सदस्यों ने जय श्रीराम के नाम से दीप उकेरा गया। रामजानकी मंदिर को भगवा झंडे से सजाया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का दिव्य दर्शन महाआरती के बाद महाप्रसादी वितरण किया गया। शाम को बालिकाओं ने घर के आँगन व मंदिर, सार्वजनिक चबूतरा में रँगोली रोगन व दीप प्रज्वलित कर दीवाली मनाई गई। वर्षगांठ को लेकर बच्चों में उत्साह दिखा। इस अवसर पर सनातम वैदिक धर्म के सदस्य सहित ग्रामीण महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

### शिक्षक भर्ती को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



**महासमुंद।** डीएड/ डीएलड संघ के अभ्यर्थियों की नियुक्तियों पर न्यायालय के आदेश के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा रोक लगाए जाने के विरोध में जिला युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक 3052/2025 सहायता अन्य याचिकाओं में पारित आदेश के अनुसार शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रतिक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराने कहा गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर, विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, अनुराग आदि मौजूद रहे। चंद्राकर, युवराज साहू एवं युवा साथ ही मौजूद रहे।

### रास तो जीव का शिव के मिलन की कथाः रामप्रताप



**महासमुंद।** मेघ बसंत कॉलोनी में विपिन सविता महंती एवं परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन की कथा प्रारंभ करते हुए कथावक्ता पं रामप्रताप शास्त्री महाराज (कोविद) ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है। लेकिन, वह भगवान को पराजित नही कर पाया, उसे ही परास्त होना पड़ा है। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा कि जब तब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है।

**नया साल :** नए साल में नई ऊर्जा के साथ नगर विकास के कार्यों को गति देने का आह्वान किया

# नगर पालिका अध्यक्ष ने की महाकाल की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा



नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगर पालिका परिसर में स्थित बाबा महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना कर पार्षदों और कर्मचारियों के साथ मिलकर नए साल का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने केक काटकर सभी को नववर्ष की बधाई दी और शहर की खुशहाली व प्रगति की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के विभिन्न वार्डों के पार्षद और निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सभी का मुंह मीठा कराया और नए साल में नई ऊर्जा के साथ नगर विकास के कार्यों को गति देने का आह्वान किया।

इस मौके पर शर्मा ने कहा कि पिछला वर्ष नगर के विकास के लिए महत्वपूर्ण रहा और आने वाले वर्ष में जनहित की योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। उन्होंने भाटापारा की जनता को सुख-समृद्धि की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।



### गायत्री परिवार ने मनाया वार्षिक उत्सव

बिलाईगढ़। ग्राम धनसीर में गायत्री परिवार द्वारा वार्षिक उत्सव एवं सत्संग का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर गायत्री मंत्र जप, सामूहिक यज्ञ, प्रवचन एवं सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने गायत्री परिवार की विचारधारा, नैतिक जीवन मूल्यों, सदाचार एवं समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक गीतों व भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। आयोजन के अंत में शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण किया गया। वार्षिक उत्सव ने ग्रामीणों में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### सिमगा जनपद अध्यक्ष ने नववर्ष पर मंत्री टंकराम से की भेंट



**हथबंद।** हथबंद मंडल से नववर्ष पर जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल एवं सरपंच डोमार सिंह मारखंडे, मंडल उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद ने कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा से सौजन्य भेंट कर उन्हें नए साल की हार्दिक दीं। इस अवसर पर डॉ. दौलतराम पाल ने मंत्री वर्मा के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा हेतु शक्ति प्रदान करने की कामना की। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, स्वास्थ्य और शांति लेकर आए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और डबल इंजन सरकार के माध्यम से प्रदेश में विकास एवं जनहित के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि नववर्ष में मिलकर अपने गांव, शहर, प्रदेश और देश के विकास के लिए संकल्प लें और सकारात्मक सहयोग के साथ आगे बढ़ें।

### नववर्ष पर जगह-जगह हुआ दुर्गा चालीसा का पाठ



**सिमगा।** नववर्ष पर भगवती मानव कल्याण संगठन जिला इकाई ने जिले के विभिन्न स्थानों पर 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ आयोजित किया। यह आयोजन 31 दिसंबर को प्रारंभ होकर 1 जनवरी को संपन्न हुआ। संगठन द्वारा बताया गया कि भगवती मानव कल्याण संगठन पूरे भारत में प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन करता है। इसका उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि नव वर्ष का प्रथम दिन नए संकल्प लेने का दिवस होता है, ताकि वर्ष के पहले दिन किए गए सकारात्मक कार्यों और साधना को पूरे वर्ष निरंतर अपनाया जा सके। इसी भाव के साथ संगठन 31 दिसंबर को अखंड पाठ आरंभ कर 1 जनवरी को उसका समापन करता है, जिससे मां जगदंबा की साधना-आराधना करते हुए पुराने वर्ष को विदाई और नव वर्ष का स्वागत किया जा सके। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि नववर्ष के नाम पर होने वाले हो-हल्ला और नशे से समाज को दूर रहना चाहिए तथा लोग अपने घरों एवं पूजा स्थलों में साधना करते हुए दिन की शुरुआत करें। भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ में 100 से अधिक स्थानों पर यह अनुष्ठान आयोजित किया। जिले के सिमगा, बलौदाबाजार, कसडोल एवं भाटापारा तहसील में 24 घंटे एवं 5 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न हुए, जिनमें भगवती मानव कल्याण संगठन के सभी जिला और तहसील पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में मां भक्त व श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### पूर्व माध्यमिक में मिठाई बांटकर मनाई गई नववर्ष की खुशियां

खरोरा। पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में नववर्ष पर बच्चों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक खुशियां मनाई गईं। इस अवसर पर शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर द्वारा विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया वर्ष नए संकल्प, नई ऊर्जा और नई संभावनाओं का प्रतीक है। विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए, अच्छे संस्कार अपनाने चाहिए और अनुशासन के साथ आगे बढ़कर अपने परिवार, विद्यालय और समाज का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण संगम कुमार मन्नाडे, भारतीय तांती, मानसी तथा विद्यालय की रसोईया चंपा देवांगन एवं दुलौरिन यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर बच्चों के साथ नववर्ष की खुशियाँ साझा कीं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।





### सरपंच ने किया बुजुर्गों का सम्मान और कैलेंडर का विमोचन

**हिरमी रावन।** ग्राम पंचायत मोहरा में सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा के नेतृत्व में एक सराहनीय सामाजिक पहल देखने को मिली। ठंड के मौसम और नववर्ष के अवसर पर ग्राम एवं आसपास के गांवों के बुजुर्गों के सम्मान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप साल एवं श्रीफल भेंट किए और नववर्ष का कैलेंडर वितरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान, स्नेह और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। सरपंच तारणी जवाहर वर्मा ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से समाज को सही दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में बुजुर्गों की विशेष देखभाल आवश्यक होती है और इसी भावना के साथ यह पहल की गई है।

इस अवसर पर आसपास के गांवों से आए बुजुर्गों ने भाग लिया और आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे, सम्मान और संवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के बीच आपसी संवाद भी हुआ और सभी ने इस पहल की प्रशंसा की। पंचायत की ओर से आगे भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

## नपा अध्यक्ष ने बाउंड्री वॉल का भूमि पूजन किया



**सिमगा।** नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने अपने पार्षदों के साथ सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में गौशाला एवं वार्ड 1 में बाउंड्री वॉल का भूमि पूजन किया।

श्री भाटिया ने अपने निधि से 5 लाख का चुनाव से पहले घोषणा किया था, जिसका भूमि पूजन किया गया। इसमें पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर, पार्षद याकूब भाई, दिल जानी, गोलू पाटकर, परदेसी सोनकर, गौ सेवक गगन तिवारी, विजय देवांगन, आनंद कशेर, मयंक पांडे, व्यास नारायण गुप्ता, वीरेंद्र जैन, सक्षम ताम्रकार, बैंजो ताम्रकार, करण भाटिया आदि उपस्थित थे। इस गौशाला भूमि पूजन से नगर में गौ सेवकों में खुशी की लहर व्याप्त है। अध्यक्ष भाटिया ने गौ सेवकों से कहा कि गौ माता के लिए कुछ भी कमी हो तो मुझे जरुर सूचना दें, मुझसे जो भी बनेगा हमेशा सहयोग करता रहूंगा।

## अस्मिता पेंचाक सिलाट लीग का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार





जिला मुख्यालय के इनडोर स्टेडियम में अस्मिता पेंचाक सिलाट लिग का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बलौदाबाजार जिले के 120 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

> ■ 120 महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग और इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अशोक जैन-अध्यक्ष नगरपालिका एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता अभिषेक सिंह एडिशनल एसपी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप मे छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट के महासचिव शेख समीर, अमित तिवारी नेट बॉल, फेंसिंग जिला सचिव, आलोक गुप्ता बास्केटबॉल जिला सचिव, जिला पेंचाक सिलाट संघ के अध्यक्ष आशीष जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल आदि की उपस्थिति में प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। निर्णायक में अभिषेक देवागन, शेख अरबाज अली, सूर्यकांत वर्मा, बी. अलवेनी राव, आशीष अहिरवार थे।

प्रतियोगिता के संयोजक आशीष जायसवाल, लिनीमा साहू ने बताया कि पेंचाक सिलाट खेल इंडोनेशिया का मार्शल आर्ट है एवं भारत सरकार खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त खेल संगठन है। यह गौरव की बात है कि हमारे जिले में पेंचाक सिलाट अस्मिता लीग का आयोजन हुआ।

इससे खिलाड़ी आगामी दिन अस्मिता ईस्ट जोन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों का चयन हेतु बिलासपुर, रायपुर एवं बेमेतरा से 5 निर्णायक उपस्थित हुए थे, जिनके सहयोग से अच्छे खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

**जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी**

## गुरु घासीदास सत्य, समानता और अहिंसा के प्रतीक थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा



बाबा गुरु घासीदास जयंती पर ग्राम मांढर (ब) में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जयंती पर उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ी नहीं बल्कि पूरा भारतवर्ष बाबा गुरु घासीदास के बताएं विचारों पर चलकर चहुमुंखी विकास कर सकता है। माहेश्वरी ने कहा कि आज हम सभी के लिए गौरव और श्रद्धा का दिन है। गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर आयोजित इस भव्य जयंती में शामिल होने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत नहीं थे, वे सत्य, समानता और अहिंसा के प्रतीक थे। ऐसे समय में जब मानव मानव के बीच अंधविश्वास, छुआछूत और भेदभाव का भाव था, तब बाबा जी ने मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देकर मानव समाज को नई दिशा दी। कार्यक्रम को विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ नेता जितेंद्र बंजारे ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव के विकास के लिए मैं हमेशा प्रयत्नशील रहूंगा। इस क्षेत्र ने मुझे जनप्रतिनिधि के रूप में पहचान दी है। इसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा। साथ ही उन्होंने गुरु घासीदास बाबा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले ने समस्त ग्रामवासियों को जयंती की बधाई देते हुए नवनिर्वाचित सरपंच लोमन धृतलहरे के साथ कंधे से कंधे मिलाकर गांव के विकास में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच लोमन घृतलहरे, राजमहंत पदुम, शीतल औरेठी, धरम दास भंडारी, दयालदास कचलोंन, मोती, दुखित घृतलहरें, तोरण घृतलहरें, महेंद्र घृतलहरें, भागसिंह, शिवप्रसाद, लीलाराम, धनीराम, जगमोहन, दाऊलाल, पंचराम, दयाराम, रोहित ,धजाराम, विनोद आदि सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411